
# श्री जी गोसदन
## नोएडा

# गो संदेश

वर्ष : 13 • अंक : 6 • सितम्बर, 2025

# श्री जी गौसदन, सेक्टर-94, नोएडा

**मुख्य अतिथि**

**श्री दिनेश जी उपाध्याय**

(केन्द्रीय मंत्री एवं अखिल भारतीय गौ रक्षा प्रमुख - वी.एच.पी.)

## गोवर्धन पूजा

**बुधवार, 22 अक्टूबर 2025**

मुख्य यजमान- श्री अक्षय कुमार गर्ग जी

संयोजक - श्री एन. के. अग्रवाल जी (9773877812)

सह संयोजक- श्री तुलसी दास थरेजा जी (9810890595)

भजन............................ प्रातः 10:00 बजे से
गोवर्धन पूजा ...................... प्रातः 11:00 बजे से
भण्डारा प्रसाद.....................प्रातः 12:00 बजे से

## गोपाष्टमी उत्सव

**बुधवार, 29 अक्टूबर 2025**

मुख्य यजमान- श्री गौरव वार्ष्णेय जी

संयोजक - श्री महेश बाबू गुप्ता जी (9811226601)

सह संयोजक- श्री संदीप अग्रवाल जी (9312208370)

गो पूजन व लव कुश कांड नाटिका... प्रातः 08:00 बजे से
मंचीय कार्यक्रम .................... प्रातः 10:00 बजे से
भण्डारा प्रसाद.......................प्रातः 11:30 बजे से

दीप उत्सव : 12 अक्टूबर 2025 दिन रविवार सायं 05:00 बजे से इस्कॉन मंदिर नोएडा द्वारा

## प्रभात फेरियाँ

**प्रतिदिन 25, 26 और 27 अक्टूबर 2025 प्रातः 05:30 बजे**

संयोजक - श्री उमेश बंसल जी (9810554737)

सह संयोजक- श्री विमल अग्रवाल जी (9810274130)

25 अक्टूबर- सेक्टर-20, नोएडा (श्री जे.एम. गुप्ता मो. 9871383039)
26 अक्टूबर- सेक्टर-14, नोएडा (श्री विष्णु गोयल मो. 9810893245)
27 अक्टूबर- सेक्टर-46, नोएडा (श्री अनुज मंगल मो. 9717432192)

| सीए विकास अग्रवाल | सुशील भारद्वाज | संजय गुप्ता | सीए महेश बाबू गुप्ता |
|---|---|---|---|
| अध्यक्ष | महासचिव | कोषाध्यक्ष | कार्यक्रम संयोजक |
| 9810015863 | 7982002929 | 9873410688 | 9811226601 |

**सहयोगी संस्था**

भारत विकास परिषद् नोएडा, सनातन धर्म समिति सैक्टर-19, मंगलमय परिवार, अग्रवाल मित्र मंडल, राजस्थान कल्याण परिषद्, मारवाड़ी युवा मंच, सेवा भारती, भारत विकास परिषद् (स्वार्णिम), रोटरी क्लब दिल्ली मयूर विहार, श्री सनातन धर्म रामलीला समिति, इस्कॉन मंदिर नोएडा, आर डब्लू ए सेक्टर 20, आर डब्लू ए सेक्टर 14, आर डब्लू ए सेक्टर 46

## मासिक हवन

दिनांक : रविवार, 5 अक्टूबर, 2025 • समय : प्रातः 9.00 बजे • स्थान : गोशाला प्रांगण

यजमान : श्री अजय अवस्थी, श्री राजन खुराना, श्री जे पी अग्रवाल, श्रीमती संतोष ग्रोवर, श्री मूलचंद कंसल, श्री मधुसूदन दादू, श्री महेश गुप्ता।

## सम्पादकीय

आदरणीय बन्धुवर,

सादर अभिवादन।

आशा है आप सानन्द होंगे। नवरात्रि व दशहरा उत्सव से मन मयूरी उत्सवीय आनन्द में नृत्य करने लगती है। हम सभी किसी न किसी तरह उत्सव की तैयारी में लग जाते हैं। गौशाला में भी अपने वार्षिक उत्सव 'गोपाष्टमी' की तैयारियाँ चल रही हैं। हम सभी आपके स्वागत व सहयोग के लिए आतुर हैं।

सम्पूर्ण देश में गाय व पर्यावरण को लेकर एक सकारात्मक वातावरण बन रहा है। पहले केन्द्र सरकार ने गंगा के किनारे 5 किलोमीटर तक प्राकृतिक खेती के लिए घोषणा की थी। उ.प्र. सरकार ने इसको 10 किलोमीटर तक बढ़ा दिया था। ऐसा माना गया था कि इससे गंगा में प्रदूषण कम होगा। हम सभी गौ प्रेमी हैं, प्राकृतिक खेती में रसायनिक खाद का प्रयोग नहीं किया जाता। इसके स्थान पर गाय का गोबर व मूत्र ही प्रयोग किया जाता है। इससे अनाज जहरमुक्त होगा व मृदा का भी संरक्षण होगा।

आपको यह जानकर अति प्रसन्नता होगी कि इस ओर मध्य प्रदेश सरकार ने भी अपने कदम बढ़ाये हैं। नर्मदा नदी के दोनों ओर 5–5 किलोमीटर तक प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित किया जाएगा। नदी के दोनों ओर स्थित जनजातीय बहुल क्षेत्रों में साल और सागोन का पौधारोपण व जड़ी–बूटियों की खेती को प्राथमिकता दी जायेगी। समृद्ध बायोडायवर्सिटी के संरक्षण व प्रोत्साहन गतिविधियों में वनस्पति व प्राणीशास्त्र के विशेषज्ञों को जोड़ते हुए विविध गतिविधियाँ संचालित की जायेंगी। विभिन्न शासकीय विभागों के साथ स्वयंसेवी संगठनों, आध्यात्मिक मंचों और जनसामान्य की सक्रिय सहभागिता से इस कार्य योजना को धरातल पर उतारा जायेगा। मध्य प्रदेश में अमर कंटक से आरम्भ होकर अरब सागर में मिलने वाली नर्मदा नदी की 1312 किलोमीटर यात्रा में मध्य प्रदेश में इसकी लम्बाई 1079 किलोमीटर है। अतः लगभग 10790 किलोमीटर रकबा प्राकृतिक कृषि में शामिल हो जायेगा। नर्मदा के किनारे 21 जिले, 68 तहसील, 1138 गाँव और 1126 घाट हैं। 430 प्राचीन शिव मंदिर व दो शक्तिपीठ भी विद्यमान हैं।

अभी गौशाला आयोग के अध्यक्ष माननीय श्याम बिहारी गुप्ता जी का पदार्पण 28 सितम्बर को गौशाला में हुआ। उन्होंने अपने वक्तव्य में एक बात पर बहुत जोर दिया कि गाय के गोबर व मूत्र का जितना उपयोग होगा उतना ही गौमाता का संरक्षण बढ़ेगा। भारत में लगभग 3.5 से 4.00 लाख करोड़ की खाद का उपयोग होता है। लगभग 2/3 खाद अभी भी विदेश से मंगाई जाती है। रसायनिक खादों का उपयोग तथाकथित उपज बढ़ाने के उद्देश्य से प्रारम्भ किया गया। उपज तो बढ़ी पर उसी मात्रा में बीमारी भी बढ़ीं। भोजन के माध्यम से एक धीमा जहर शरीर में प्रवेश करना प्रारम्भ हुआ। मृदा का पोषण कम हुआ, इस कारण हमारे खाने की पौष्टिकता में भी कमी आयी। अब इसके सुधार की आवश्यकता है। प्रारम्भिक सरकारों ने उपज बढ़ाने पर तो ध्यान दिया, पर अन्य अनुसंधानों पर अपना ध्यान केन्द्रित नहीं किया।

वर्तमान सरकार इस ओर जागृत है। किसान की आमदनी कैसे बढ़े, उसका संरक्षण किस प्रकार से हो, इस ओर कार्यरत है। यही कारण है कि अमेरिका के टैरिफ वार के सामने भी हम डट कर खड़े हैं। किसान की कीमत पर अब सरकार को कोई समझौता मंजूर नहीं है। पहले की सरकार पश्चिमी शक्तियों के सामने नतमस्तक ही रहती थीं। जहाँ एक ओर विनिर्माण क्षेत्र को शक्तिशाली किया जा रहा है, वहीं कृषि क्षेत्र को भी भरपूर प्राथमिकता देकर समृद्ध किया जा रहा है। खाद्यान्नों के साथ–साथ दलहन व तिलहनी फसलों में देश आत्मनिर्भर बने, इस ओर भी सरकार सम्पूर्ण जागरूकता से सक्रिय है। पूँजी के अभाव को दूर करने के लिए सहकारिता को अधिक से अधिक बढ़ावा दिया जा रहा है। वर्तमान सरकार ने पहली बार सहकारिता मंत्रालय का गठन करके इसके महत्त्व को रेखांकित किया है।

इस पत्र में गौशाला में होने वाले अनेक उत्सवों में आपको आमंत्रित करने के लिए निमंत्रण पत्र समाहित है। कृपया उन दिनों में आप अपनी सपरिवार उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए अभी से अपनी डायरी में यह तिथियाँ अंकित कर लें। 5 अक्टूबर को हवन में आपसे भेंट होगी।

आपकी प्रतीक्षा में।

— आपका अपना

**महेश बाबू गुप्ता**
(mahesh@mbgupta.com)

## अध्यक्ष की कलम से

परम प्रियजन,

नमन वन्दन एवं अभिनन्दन!

श्री जी गोसदन परिवार आप सभी मित्रों के स्वास्थ्य एवं प्रसन्नचित रहने की कामना करता है।

मित्रों सितम्बर माह का हवन भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ।

इस बार हवन नौएडा एंटरप्रेन्योर एसोसिएशन (NEA) ने किया जिसमें लगभग 600 लोग उपस्थित रहे। हवन में सुख–शान्ति एवं समृद्धि के लिए सभी ने अपनी आहुति दी एवं गौमाता को हरा चारा, गुड़ खिलाया।

मित्रों इस महीने 4 सितम्बर, 2025 को नन्दीशाला का भूमि पूजन भारत विकास परिषद् नौएडा द्वारा कराया गया। भारत विकास परिषद् नौएडा के अध्यक्ष श्री देवेन्द्र गंगल जी द्वारा नन्दीशाला जल्द–जल्द पूरा करने को कहा गया।

इस माह गौमाता के नहाने के लिए स्नानगृह का भूमि पूजन श्री आनन्द अग्रवाल जी द्वारा 27 सितम्बर को किया गया।

14 सितम्बर, 2025 को विहंगम योग संस्थान की तरफ से राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नामदेव जी द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं गो संवर्धन दिवस के रूप में लोगों को प्रेरित किया गया।

मित्रों इस माह गौमाता के लिए 56 भोग सेवा श्री प्रवीन बंसल, श्रीमति संतोष गोयल, श्री केशव गंगल, श्री राजेन्द्र मोहन जिंदल, श्री शुभम अग्रवाल द्वारा किया गया एवं गौमाता को 56 तरह की दालें, सब्जियां, घास, हरा चारा आदि खिलाकर आशीर्वाद लिया।

मित्रों हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पित्तर पक्ष में कई हजार परिवारों ने गौमाता की सेवा दलिया, गुड़, चारा, चोकर, भूसा खिलाकर की एवं गौमाता का आशीर्वाद लिया।

मित्रों इस महीने पित्तर पक्ष की अमावस्या पर श्री सुशील सिंघल ने हवन कराया एवं गौमाता की सेवा की।

इस माह वार्षिक आम सभा 28 सितम्बर, 2025 को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। उत्तर प्रदेश गौसेवा आयोग के अध्यक्ष श्री श्याम बिहारी गुप्ता, श्री एन.के. अग्रवाल, श्री वंशीधर, डॉ. वी.एस. चौहान, श्री गोपाल कृष्ण अग्रवाल के अलावा नौएडा की कई गणमान्य हस्तियों ने भाग लिया।

उसके पश्चात् नई लैब का लोकार्पण हुआ। लैब का लोकार्पण श्री श्याम बिहारी गुप्ता (गो सेवा आयोग, उ.प्र.), डॉ. ए.के. अग्रवाल, श्री

वंशीधर द्वारा किया गया। इस अवसर पर नौएडा क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

इस माह गौशाला के संस्थापक सदस्य श्री मधुसूदन दादू जी को लघु भारती का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया एवं श्री मनोज मित्तल जी को Out Standing Concrete Technologist 2025 से पुरस्कृत किया गया।

पिछले माह पूरे भारतवर्ष में बहुत बरसात हुई। गौशाला में वर्षा ऋतु में जलभराव की समस्या रही, इसके निवारण हेतु नौएडा अथोरिटी से समस्या के निदान हेतु सम्पर्क में हैं।

मित्रों चौमासा समाप्ति पर है। शरद ऋतु धीरे–धीरे दस्तक दे रही है। इस बदलते मौसम में अपने और परिवार का ध्यान रखें एवं गौमाता की सेवा करते रहें।

मित्रों गौशाला में सौन्दर्यीकरण की कड़ी में गेट पर दोनों तरफ क्यारियाँ बना दी गयी हैं एवं दलिया का शेड, भारत भवन की रसोई एवं गो उत्पाद बनाने के लिए शेड का काम चल रहा है।

जैसा कि आप सभी को विदित है गौशाला के वार्षिक उत्सव गोवर्धन पूजा, गोपाष्टमी उत्सव एवं दीप उत्सव मनाया जायेगा। इसकी विस्तृत जानकारी इस पत्र में मिल जाएगी।

आप सभी लोगों से अनुरोध है कि अपने परिवार एवं मित्रों के साथ गौशाला आयें और गौमाता का आशीर्वाद लें।

मित्रों हर वर्ष की भांति दीपावली के लिए गोबर से निर्मित दीये गौशाला में उपलब्ध हैं। आप सभी लोग गौशाला से दीये ले सकते हैं या मांग सकते हैं।

गोसदन की आत्मनिर्भरता के लिए विभिन्न प्रकल्पों पर विचार जारी है। आपके सहयोग–समर्थन की आशा के साथ हम आप सभी के उज्जवल भविष्य एवं सुख–समृद्धि की कामना करते हैं।

आप सभी के निरन्तर सहयोग के लिए अग्रिम आभार!

— आपका अपना
**विकास अग्रवाल**
(vikas18noida@yahoo.com)

## गौशाला में आयोजित कार्यक्रमों की झलकियां



05.09.2025 को आयोजित हवन में NEA कार्यकारिणी



गोमाता के लिये 07.09.2025 को 56 भोग श्री प्रवीण बंसल जी एवं परिवार द्वारा



19.09.2025 को श्री केशव गंगल जी ने अपने पुत्र का जन्मदिन गौशाला में छप्पन भोग कराकर मनाया।



गोमाता के लिये 19.09.2025 का 56 भोग श्रीमति संतोष गोयल जी एवं परिवार द्वारा।



गोमाता के लिये 21.09.2025 को 56 भोग श्री राजेंद्र मोहन जिंदल जी एवं परिवार द्वारा।



24.09.2025 को 56 भोग श्री शुभम अग्रवाल जी द्वारा अपनी बिटिया के जन्मदिन के उपलक्ष्य में किया गया



गौमाता के स्नानागार के लिए भूमि पूजन करते हुए श्रीमती व श्री आनंद अग्रवाल जी (27.09.2025)



28.09.2025 को आयोजित आम सभा में उपस्थित सदस्यगण।



नन्दी शाला के भूमि पूजन समारोह में उपस्थित भारत विकास परिषद, नोएडा के सदस्यगण।



नई लैब का लोकार्पण करते हुए श्री श्यामबिहारी गुप्ता (अध्यक्ष, गौ सेवा आयोग, उ.प्र.) एवं श्री ए.के. अग्रवाल (अध्यक्ष–Eminent)

## गौसदन में सहयोग के प्रकार

| | |
|---|---|
| मासिक हवन (प्रातः 9 बजे) | : रू० 3,100/– (मास के प्रथम रविवार को – यजमान सहयोग) |
| गौग्रास योजना | : रू० 500 से 5,000/– तक मासिक |
| हरा चारा सहयोग | : रू० 5,100/– |
| सवामनी दलिया | : रू० 5,100/– |
| गाय अडॉप्शन योजना | : रू० 11,000/– (प्रति गाय) (प्रतिवर्ष – गाय की आयु तक) |
| गौदान | : रू० 31,000/– |
| छप्पन भोग | : रू० 31,000/– |
| भूसा सहयोग | : रू० 1,01,000/– (लगभग 1 ट्रक) |
| खल, चोकर व छिलका | : रू० 1,01,000/– |

## अपील

वर्तमान में गौशाला में लगभग 1700 से अधिक गोवंश हैं। भूसा/चारे का खर्च भी लगातार बढ़ रहा है। गोपाष्टमी में जिन बंधुओं ने भूसा दान की घोषणा की थी, उन सभी से विनम्र निवेदन है कि इस कार्य को यथाशीघ्र सम्पन्न करें।

## श्री जी गोसदन

(पंजीकृत सोसायटी सं.–592, अधिनियम सं.–21, सन् 1860 के अर्न्तगत)


**भूखण्ड सं. 7, सैक्टर 94, नौएडा (उ.प्र.)**

**मो. : 8882425010**

ई–मेल : shreejeegausadan94@gmail.com

वेबसाइट : **www.shreejeegausadan.com**

**अध्यक्ष** : **सीए विकास अग्रवाल** (मो. : 9810015863)

**महासचिव** : **श्री सुशील भारद्वाज** (मो. : 7982002929)

**कोषाध्यक्ष** : **सीएस संजय गुप्ता** (मो. : 9873410688 )

**प्रबन्धक** : **श्री संतोष सिंह** (मो. : 7428350639)


दान/सहयोग राशि हेतु जानकारी :

**SHREE JEE GAUSADAN**

Account No. : **923010022147753**

Name of Bank : **AXIS BANK**
Sector 44, Noida (U.P.)

IFSC Code : **UTIB0001788**

अथवा **QR** कोड स्कैन करें


PRAVEK

100 % शुद्ध और परिश्रुत

# गोजल

## पाचन क्रिया सुधार हेतु




200 मिली के पैक में उपलब्ध

आयुर्वेद में गाय के गौमूत्र को एक संजीवनी कहा गया है, जो रोगों को भगाए और दीर्घायु प्रदान करे।

प्रवेक गोजल को आसवन के बाद काँच की बोतल में पैक किया जाता है, ताकि वह सभी अशुद्धियों से मुक्त हो व गोजल के स्वाभाविक रुपी अम्लीय गुणों से बचाता हो।

**उपयोग**

- कृमि रोग
- कण्डू रोग
- कुष्ठ रोग
- दोष जन्य उदर विकार
- अफारा
- मेदोरोग
- अध्यमान, आदि में लाभकारी

**मात्रा**

20 मिली प्रवेक गौजल को जल में मिलाकर दिन में एक बार या चिकित्सक के परामर्शानुसार लें।

CUSTOMER CARE
+91 9990990999 | customercare@pravek.com
www.pravek.com